ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
रेपसीड-मस्टर्ड (NRCRM) के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र
सीवर, भरतपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 18-04-2023

अलवर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-04-18 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-04-19	2023-04-20	2023-04-21	2023-04-22	2023-04-23
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	2.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	40.0	39.0	38.0	39.0	39.0
न्यूनतम तापमान(से.)	23.0	23.0	24.0	25.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	21	38	32	30	26
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	11	12	16	4	7
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	21	11	6	3	8
पवन दिशा (डिग्री)	266	316	150	79	98
क्लाउड कवर (ओक्टा)	3	7	4	1	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

अगले सप्ताह हल्के बादल छाये रहने की संभावना है, 21 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है।अधिकतम तापमान 39.0 से 40.0 0C और न्यूनतम तापमान 23.0 से 25.0 0C होगा अगले पांच दिनों के दौरान 3.0 से 21.0 किमी प्रति घंटे की गति के साथ हवाएं चलने की संभावना है। अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता 21 से 38% और न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता 7 से 16% के बीच रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

खेत में पड़े हुये सरसों के पौधे पेन्टेड बग के छिपने के लिए उचित जगह है। अतः सरसों की कटाई के बाद खाली हुये खेतों को मिट्टी पलटने वाले हल से जुताई के बाद खुला छोड़ दें ताकि तेज गर्मी से भूमिगत कीटों व रोगों के बीजाणु नष्ट हो सकें। सब्जियों में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। खेत खाली होने पर जायद की सब्जी बोयें। खेत से (कटाई के बाद) मिट्टी का नमूना लेके जांच करवाएं ।

लघु संदेश सलाहकार:

अगले सप्ताह हल्के बादल छाये रहने की संभावना है 21 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। साफ आसमान की स्थिति में कृषि रसायनों का उपयोग करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	जायद मूंग की उन्नत किस्मों जैसे कि आई पी एम 02-03, पी डी एम 139 एवं एस एम एल 668 बुवाई करें

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	मिर्च में थ्रिप्स की रोकथाम के लिए इमिडाक्लोप्रिड 48 प्रतिशत एफ.एस. 10 मिली/किग्रा से बीज उपचार करें और पौध उपचार के लिए इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. 2 मिली/लीटर पानी के साथ उपचारित करें।
आम	यदि मौसम साफ हो तो आम में फलों के गिरने की रोकथाम के लिए NAA @ 20- 25 मिलीग्राम और प्लानोफिक्स 0.4 मिली/लीटर का 15 दिनों के अंतराल पर छिड़काव करें।।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	जानवरों को दिन के समय छाया में बांधे। पशुओं को दिन में 3-4 बार ताजा पानी पिलाएं। पशुओं के सम्पूर्ण पोषण के लिए प्रतिदिन ४०-५० ग्राम खनिज लवण अवश्य दें।